

# चित्रकूट में युद्धस्तर पर सफाई, राहत और पुनर्वास के कार्य जारी

## कलेक्टर एवं एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना 06 सितम्बर. चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के जलस्तर में कमी के बाद जनजीवन को पूरी तरह सामान्य करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा राहत, स्वच्छता और जन सुविधाओं के पुनर्बहाली के कार्य लगातार जारी हैं।**

रविवार को जिला प्रशासन की विभिन्न टीमों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर साफ-सफाई, कीचड़ एवं रेत हटाने तथा स्वच्छता के कार्यो में श्रमदान भी किया। मंदाकिनी नदी का जलस्तर रविवार सुबह आरोग्यधाम के पास प्रात: 6 बजे 135.32 मीटर दर्ज किया गया, जबकि नदी का अधिकतम एचएफएल 139.60 मीटर है। जलस्तर में लगातार कमी दर्ज की जा रही है। प्रशासन द्वारा लगातार जलस्तर की निगरानी की जा रही है।



कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने रविवार को चित्रकूट पहुंचकर मंदाकिनी नदी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने भरत घाट, राघव प्रयाग घाट एवं नयागांव में बाढ़ से हुई नुकसानी का जायजा लिया तथा प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत, सफाई एवं पुनर्बहाली के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह तथा एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### उद्यानिकी कार्यालय ने 60 किट सूखा खाद्यान्न का सहयोग किया



मंदाकिनी नदी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के परिवारों को नगर परिषद की दीन दयाल रसोई में गुणवत्तायुक्त ताजा भोजन पैकेटों में तैयार कर हर मोहल्ले के लोगों को वितरित किया जा रहा है। इसी प्रकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए सामाजिक व्यक्तियों, विभिन्न संगठनों, समाज सेवियों एवं संस्थाओं द्वारा प्रदाय की जा रही राहत सामग्री को व्यवस्थित रूप से प्रभावितों तक पहुंचाने वन विभाग के गोदाम चित्रकूट विकास प्राधिकरण के पास स्टोर केन्द्र बनाया गया है। जहां से राहत सामग्री और सूखे खाद्यान्न के पैकेट बनाकर व्यवस्थित रूप से प्रभावित परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है। रविवार को उप संचालक उद्यानिकी अनिल सिंह एवं स्टाफद्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए 60 सूखा राशन किट उपलब्ध कराई गईं।

### कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया श्रमदान



बाढ़ प्रभावित चित्रकूट के नदी घाटों एवं बस्तियों को शीघ्र स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य तथा साफ-सफाई कार्य को और गति देने के लिए जिला कलेक्ट्रेट सतना के अधिकारी-कर्मचारियों ने रविवार को चित्रकूट पहुंचकर श्रमदान में हिस्सा लिया। इनमें कलेक्ट्रेट की टीम द्वारा भरत घाट की रेत और मलबा हटाकर साफ-सफाई की गई। साथ ही भरत घाट मार्ग पर लोगों द्वारा घरों एवं दुकानों से निकालकर सड़क किनारे रखी गई कीचड़ और रेत को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर हटाने में मदद की। प्रात: 11 बजे से चित्रकूट पहुंची कलेक्ट्रेट की टीम ने भोजन अवकाश के बाद भी पुन: भरत घाट पहुंचकर सफाई कार्य में सहभागिता की.

### दीनदयाल रसोई में 24 घंटे तैयार हो रहा भोजन



मंदाकिनी बाढ़ प्रभावितों के लिए चित्रकूट की दीनदयाल रसोई 24 घंटे संचालित की जा रही है। यहां लगातार भोजन तैयार कर पैकेट के रूप में वाहनों के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाया जा रहा है। राहत एवं सफाई कार्य में लगी प्रशासनिक टीमों द्वारा प्रभावित लोगों तक भोजन के पैकेट निरंतर पहुंचाए जा रहे हैं। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, एसपी हंसराज सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह एवं एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर ने दीनदयाल रसोई पहुंचकर स्वयं भोजन ग्रहण किया और भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था का जायजा लिया।



# टायर फटने से बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई

## आधा दर्जन दर्शनार्थी घायल, एनएच 3 पर हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना 6 सितंबर. मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर रविवार की सुबह हुए सड़क हादसे में आधा दर्जन दर्शनार्थी घायल हो गए. घायलों में से 2 को गंभीर चोट आने के कारण जिला चिकित्सालय सतना रेफर किया गया है. टायर फटने से बेकाबू कार का डिवाइडर से टकरा जाने करे हादसे का कारण बताया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार क्र. बीआर 24 एएन 8728 रविवार की सुबह जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर अमरपाटन क्षेत्र के बारी मोड़ के निकट पहुंची वैसे ही उसका अगला टायर अचानक फूट गया. टायर फूटने के कारण तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई. हलांकि चालक द्वारा संभालने का प्रयास किया गया लेकिन इसके बावजूद भी वह देखते ही देखते डिवाइडर से जा टकराई. घटना हाकती देख आस पास के लोग भागकर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. इसी कड़ी में कार सवार घायलों को किसी तरह बाहर निकालते हुए हाइवे एंबुलेंस के जरिए अमरपाटन स्थित सिविल अस्पताल लाया गया. जहां पर घायलों की पहचान मृत्युंजय सिंह, नागेंद्र सिंह, कृष्णा शाह, अमन राज सिंह, कृष्ण नंदन सिंह और बलराम सिंह सभी निवासी रोहतास के तौर पर हुई. प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर तौर पर चोटिल दो लोगों को आगे के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया.

### उज्जैन से लौट रहे थे

घायल यात्रियों ने बताया कि वे सभी बिहार के रोहतास जिले से उज्जैन स्थिम भगवान महाकाल के दर्शन के लिए गए थे. जहां पर दर्शन पूजन के उपरांत वे सभी वापस लौट रहे थे. लेकिन कार जैसे ही मोड़ के निकट पहुंची वैसे ही उसका अगला टायर अचानक फूट गया. वहीं पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है.

# तीन वर्ष से लापता व्यक्ति को परिजनों से मिलाया

## बारिश-बाढ़ के बीच बेहाल अवस्था में धारकुण्डी पुलिस को मिले थे

नवभारत न्यूज

**सतना 6 सितंबर. पिछले दिनों लगातार हो रही बारिश और बाढ़ की स्थितियों के बीच पेट्रोलिंग कर रही धारकुण्डी पुलिस टीम को एक व्यक्ति बदहवास स्थिति में भीगता और कांपता हुआ मिला.**

मानसिक तौर पर कमजोर नजर आ रहा वह व्यक्ति अपने बारे में कुछ भी बता पाने में अक्षम था. लेकिन पुलिस ने जब उसके संबंध में जानकारी जुटाई तो मालुम हुआ कि रायबरेली उप्र निवासी वह व्यक्ति पिछले 3 वर्ष से लापता था.

जिले के धारकुण्डी थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 सितंबर को भारी वर्षा के चलते बाढ़ की स्थितियां बनी हुई थीं. जिसके चलते पुलिस टीम द्वारा सभी संवेदनशील स्थानों पर पेट्रोलिंग की जा रही थी. इसी दौरान जब पुलिस टीम पेट्रोलिंग करते हुए बार्डर के निकट पहुंची तो उप्र की सीमा से धारकुण्डी की ओर आने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति भगता और कांपता हुआ नजर आया. जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो वह बदहवासी की हालत में कुछ भी बता पाने में अक्षम दिखाई दिया. चूंकि उस दौरान बाढ़ की स्थितियों के कारध अधिकांश रास्ते बाधित थे. लिहाजा उक्त व्यक्ति को थाना परिसर में ही सुरक्षित रोका गया. जहां पर उचित देखाभाल और समझाइस के बाद व्यक्ति कुछ हद तक सामान्य होने लगा. इसी दौरान उन्होंने अपना नाम अमरपाल लोध निवासी चकमनियां रायबरेली उप्र के तौर पर बताया. यह जानकारी मिलते ही धारकुण्डी पुलिस ने रायबरेली कंट्रोल रुम से संपर्क किया. जहां से प्राप्त मोबाइल नंबरों के जरिए ग्राम प्रधान से संपर्क किया. इसी कड़ी में अमरपाल के भतीजे धीरेंद्र लोध से संपर्क हुआ. जिन्होंने बताया कि अमरपाल पिछले 3 वर्ष से लापता हैं और परिजन उनकी तलाश कर रहे हैं.



### मानिकपुर स्टेशन तक पहुंचाया

पिछले 3 वर्ष से लापता अमरपाल के परिजनों से पुष्टि होने के बाद धारकुण्डी पुलिस टीम उन्हें लेकर मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई. जहां पर मौजूद परिजनों के साथ औपचारिक कार्रवाई करते हुए उन्हें सौंप दिया गया. वहीं 3 साल बाद अमरपाल को देख उनके परिजन न सिर्फ भावुक हो गए बल्कि उन्हें सुरक्षित पाकर फफक कर रो पड़े. इसी कड़ी में परिजनों ने धारकुण्डी पुलिस को हृदय से आभार जताया.

# जिले में 3074 प्रभावितों को डेढ़ करोड राहत स्वीकृति

नवभारत न्यूज

**सतना 06 सितम्बर. जिले में अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर राहत एवं जनसुविधाओं के पुनर्बहाली कार्य किए जा रहे हैं।**

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के नेतृत्व में राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सर्वेक्षण और राहत कार्यों में जुटी हैं। जिले में 6 सितंबर 2026 तक 3074 प्रभावित परिवार के प्रकरणों में 1 करोड़ 58 लाख 64 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर वितरित की जा रही है। चित्रकूट-मझगवां क्षेत्र में बाढ़ से अधिक प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई गई है। मझगवां-चित्रकूट क्षेत्र में 1514 प्रकरणों में 76 लाख 89 हजार रुपये की सहायता वितरित हुई है। इनमें पानी भरने से राशन, कपड़े और बर्तन आदि की क्षति के 1486 प्रकरणों में 75 लाख 70 हजार रुपये, जबकि 28 मकानों की आंशिक क्षति के लिए 1 लाख 19 हजार रुपये की सहायता शामिल है। जिले की अन्य तहसीलों में भी प्रभावितों को आर्थिक सहायता दी गई है। रामपुर बाघेलान में 279 प्रकरणों में 18 लाख 40 हजार रूपये स्वीकृत किये गये है। जिनमें दो जनहानि के प्रकरणों में 8 लाख रूपये की सहायता भी शामिल है।

### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक आज चित्रकूट में होगी

**सतना 06 सितम्बर** चित्रकूट में मंदाकिनी नदी बाढ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के राहत और पुनर्वास कार्य को प्राथमिकता के दृष्टि गत सोमवार 7 सितंबर को आयोजित होने वाली समय-सीमा की बैठक इस बार चित्रकूट नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित की जावेगी। समस्त जिला कार्यालय प्रमुख प्रात: 11 बजे नगर पंचायत कार्यालय में जानकारी के साथ उपस्थित होगे।

# नदी किनारे शव मिलने से फैली सनसनी

- बाढ़ के पानी में बहकर आने की संभावना

नवभारत न्यूज

**सतना 6 सितंबर. लगातार हो रही बारिश के दौरान जहां लोगों के पानी के तेज बहाव में बहने की घटनाएं सामने आ रही थीं वहीं अब पानी का बहाव कम होने पर कहीं कहीं नदी किनारे शव मिलने की जानकारी भी सामने आने लगी है. इसी कड़ी में जिले के कोटर क्षेत्र में नदी किनारे शव मिलने से सनसनी फैल गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरा गांव में नदी किनारे शव मिलने की सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की. प्रारंभिक जांच में शव लगभग 4-5 दिन पुराना मालुम हुआ. आस पास के लोगों से पूछताछ की गई लेकिन कोई भी मृतक की पहचान नहीं कर सका. जिसे देखते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस द्वारा मृतक की पहचान करने के लिए विभिन्न थानों से संपर्क कर गुमशुदा लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है. आशंका जताई जा रही है कि अतिवृष्टि के दौरान बाढ़ की स्थिति के दौरान मृतक बह गया होगा और पानी का बहाव कम होने पर शव नदी किनारे आ गया होगा. शव पुराना होने के कारण पहचान में कठिनाई आ रही है.

### पांचवें दिन बाद मिली बाइक

जिले के उचेहरा क्षेत्र में मतरी पतौरा क्षेत्र में करारी नदी के रपटे पर बाइक सहित दो लोगों राजकुमार और पुष्पेंद्र के बह जाने की घटना बुधवार को सामने आई थी. एसडीआरएफ और पुलिस द्वारा की जा रही सर्चिंग के चलते दोनों लोगों के शव शुक्रवार को खोज निकाले गए थे. दोनों शव घटनास्थल से लगभग 4 किमी दूर मिले थे. वहीं पानी में बही बाइक को भी रविवार को घटनास्थल से लगभग आधे किमी दूर से खोल निकाला गया.



# राज्य कर्मचारी संघ की बैठक सर्किट हाउस में हुई

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 सितम्बर. राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई सतना की आवश्यक बैठक सर्किट हॉउस मैं आयोजित हुई।**

बैठक मे संभागीय अध्यक्ष लक्षमन गर्ग की उपस्थित मैं आगामी 8 सितम्बर को ब्लाक तहसील स्तर पर ज्ञापन सौपने की रुपरेखा पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी द्वारा की गई। जिले के सभी ब्लाक कमेटी को आगामी 8 सितम्बर को ज्ञापन सौपे जाने की जिम्मेदारी देते हुए जिला कमेटी को ज्ञापन के रिशीविंग की कॉपी फोटो ज्ञापन देते हुए की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक मे शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सयोजक सी एल सिंह,सचिव बीरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष ऋषिकेश गुप्ता, राजेश चतुर्वेदी प्रदेश सह सचिव, पद्मधर दुवेदी विधि सलहकार,के के गौतम तहसील सचिव, अनिल कुमार शर्मा ब्लाक अध्यक्ष नागौद, प्रियव्रत सिंह, विजय सिंह परिहार अध्यक्ष वन विभाग, अमित त्रिपाठी तह सचिव, विष्णु नारायण त्रिपाठी ब्लाक अध्यक्ष सोहवाल,हेमराज सिंह ब्लाक अध्यक्ष सोहवाल, जैनेन्द्र गौतम विभाग अध्यक्ष स्वास्थ्य विभाग की उपस्थित उल्लेखनीय रही। आगामी 6अक्टूबर 26 को स्थापना दिवस वृहद रूप से मनाये जाने का निर्णय लिया गया।

### व्यापारी संघ ने उपलब्ध कराया खाद्यान्न

**सतना, 6 सितम्बर.** राहत सामग्री वितरण में गल्ला तिलहन व्यापारी संघ का सहयोग रहा। इस अवसर पर चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रवल श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश शर्मा, गल्ला तिलहन व्यापारी संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र द्विवेदी सहित नीरज शर्मा, काशी त्रिपाठी, टिंकू अग्रवाल, दीपेंद्र द्विवेदी, गोपेश अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई की टीम घोषित

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 सितम्बर. अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पूरे भारत देश के सभी प्रदेशों एवं विदेशो में भी वैश्य समाज को जोड़ने एवं उनके हितों की रक्षा करने के लिए कार्यरत संस्था है।**

इसी कड़ी में संगठन के राष्टीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष गोविंद गोयल कुलदीप धारिया द्वारा सतना जिले की टीम की घोषणा की गई है। घोषित टीम में जिला प्रभारी कमलेश गुप्ता जिला अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल टिंकू महामंत्री पद पर राजेश केशरवानी,आनंद शंकर खरे कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश केसरवानी जितेंद्र साहू संजय बांका नवीन अग्रवाल रविकांत महेश्वरी रज्जू केसरवानी संजय गुप्ता राजकुमार गुप्ता प्रदीप कुमार जैन उपाध्यक्ष पद पर पी डी अग्रवाल भरत चौरसिया तरुण ठक्कर सीताराम अग्रवाल धीरज जैन अमित अग्रवाल संजय जायसवाल उमाशंकर अग्रवाल मंत्री पद पर अभिजीत गुप्ता नितिन लोया छवी गुप्ता रितेश खंडेलवाल मनोज गुप्ता अंकित गोयल संजीव गुप्ता राजेश अग्रवाल राजेंद्र गुरु विनोद जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता को एवं सोशल मीडिया प्रभारी आशीष गुप्ता को नियुक्त किया है नव नियुक्त पदाधिकारी ने अपनी नियुक्ति पर राष्टीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जो जिम्मेदारी हम सब लोगों को दी गई है.

# शारदेय दुर्गा पूजा का प्रथम निमंत्रण माँ काली को अर्पित

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 सितम्बर. बंगाली कल्याण समिति, सतना द्वारा आयोजित श्री शारदेय दुर्गा पूजा 2026 का प्रथम निमंत्रण आज विधि-विधान के साथ माँ काली एवं भगवान भोलेनाथ के चरणों में समर्पित किया गया।**



समिति के सचिव सुभाष बनर्जी ने बताया कि कालीबाड़ी परिसर, मुख्यारगंज में आयोजित इस कार्यक्रम में आचार्य असितवरन मिश्र द्वारा मंत्रोच्चार सहित महापौर योगेश ताम्रकार समिति के अध्यक्ष भास्कर भट्टाचार्य रामऔतार चम?िया महिला समिति अध्यक्ष मौसुमी बनर्जी हरिओम गुप्ता राखी मित्रा ने समाज बंधुओं एवं हिंदू पर्व समन्वय समिति के सदस्यों के साथ माँ काली एवं देवाधिदेव महादेव को प्रथम आमंत्रण निवेदित किया। परंपरा अनुसार माँ को निमंत्रण देने के पश्चात ही दुर्गापूजा की तैयारियां प्रारंभ मानी जाती हैं।

# जैन समाज का महापर्व पर्युषण शुरू होने के पूर्व सामूहिक सामायिक और क्षमापना

नवभारत न्यूज

**सतना,6 सितम्बर. श्वेतांबर जैन धर्मावलंबियों के आठ दिवसीय सबसे बड़े पर्व पर्वाधिराज पर्युषण 8 सितंबर मंगलवार से प्रारंभ हो रहे हैं।**



पर्युषण प्रारंभ होने से पूर्व जगत के सभी जीवों से क्षमा याचना करते हुए 48 मिनट का सामूहिक सामायिक रविवार को श्री ऋषभ अभय देव जैन भवन गांधी चौक में किया गया इस सामायिक में 150 से अधिक संख्या में बच्चे महिला पुरुष आसन लगाकर 48 मिनट तक एक स्थान पर बैठकर सभी जीवों से क्षमा मांगते हुए मिच्छामी दुक्डम का उदगार व्यक्त किया।पुण्या श्रावक बनने का लाभ मातोश्री चंदनबेन गुलाबचंद साकरचंद परिवार द्वारा लिया गया। श्री श्वेतांबर जैन संघ ट्रस्ट के प्रचार प्रमुख संदीप कुमार जैन ने बताया कि इस वर्ष सतना में साहित्य दिवाकर, परमार्थमूर्ति परम पूज्य अचलगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्रीमद विजय कलाप्रभसागरसूरीश्वर जी महाराज साहेब की आज्ञानुवर्तिनी तथा नवकार मंत्र आराधिका मातृहृदया प्रवर्तिनी महत्तरा साध्वी गुरूवर्या प.पू. साध्वी वसंतप्रभा श्री जी म.सा. के दिव्य आशीष से उनकी शष्या प.पू. साध्वी श्री नंदिषेणाश्री जी म.सा., प.पू. साध्वी श्री शासनप्रभाश्री जी म.सा., प.पू. साध्वी श्री सुनयना श्री जी म.सा. आदि ठाणा 3 चातुर्मास हेतु श्री ऋषभ-अभयदेव जैन भवन में विराजमान है। पूज्य साध्वी गण की पुण्य निश्रा में इस वर्ष पर्युषण महापर्व की आराधना बहुत ही हर्ष,तप एवं उल्लास के साथ होने वाली है श्री श्वेतांबर जैन संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक भाई बोरा एवं मंत्री राजेश कुमार बोरा ने सभी श्रावक श्राविकाओं से सभी कार्यक्रम मे समय पर पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## एक नजर में



### बरदाडीह में 125 राहत किट वितरित

**सतना।** सतना संसदीय क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और सेवा का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। सतना सांसद गणेश सिंह ने चित्रकूट के बाढ़ प्रभावित वार्डों में पहुंचकर पीड़ति परिवारों से मुलाकात की और उनके घर पहुंचकर सूखा खाद्यान्न, तिलहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री एवं कपड़ों का वितरण किया। इस दौरान सांसद भाजपा मंडल अध्यक्ष विनीता शिवहरे, पार्षद रविमाला सिंह तथा प्रसिद्ध संत महामंडलेश्वर रामनरेश दास के मोहल्ले में भी पहुंचे और वहां बाढ़ से हुए नुकसान एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

### बाढ़ प्रभावितों को विश्व हिंदू परिषद ने वस्त्र उपलब्ध कराये



**सतना।** विश्व हिंदू परिषद ने पहले गृहस्ती का समान , सूखा राशन, सामग्री का वितरण स्थानीय संतो के मार्गदर्शन में किया और जब बाढ़ में पूरी तरह से सामग्री बह जाने से राशन बांटते समय लोगों ने कपड़ा की आवश्यकता बताई तो पीड़ितों को अंग वस्त्र उपलब्ध कराने कार्य कर्ताओं ने प्रयास शुरू कर दिया । इस पूरे कार्य में विश्व हिंदू परिषद के विपिन सिंह , शिक्षा विभाग से रिटायर्ड साहित्यकार नरेंद्र सिंह बघेल ,यतेंद्र पाठक ,रविंद्र सिंह, प्रकाश द्विवेदी, आदर्श मिश्रा , ऋतिक तिवारी, ऋषभ शुक्ला, राजू त्रिपाठी चित्रकूट ने सक्रिय भूमिका निभाई।



### वैश्य समाज की ताकत एकता में

**सतना।** वैश्य महासम्मेलन संभागीय सम्मेलन श्री शाइन मैरिज गार्डन रीवा रोड में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने कहा कि समाज की मजबूती केवल पदों और समितियों से नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी से तय होती है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर समाज को अपनी समीक्षा करनी चाहिए कि हम समाज को कितना समय दे रहे हैं, हमारी सहभागिता कितनी है और समाजहित

CMYK